18 जनवरी 2011 सहयोग राशि रु. 100/- वार्षिक अंक-323

☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय0 महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल) पाय0 एल0 सी0 अरोड़ा (अवैतनिक)

Pioneerism, A commitment to Humanity

## इण्टरनेशलन महिला पायनियर्स क्लब शाखा हापुड़ द्वारा आयोजित अधिष्ठापन समारोह



नोएडा से पधारी श्रीमती नीलिमा मिश्रा (सचिव आनंद निकेतन वृद्धाश्रम समाज की सेवा करती हुई महिलाओं को सम्मानित करते हुए)

**हापुड़।** इण्टरनेशनल महिला पायनियर्स क्लब शाखा हापुड़ के तत्वावधान में आयोजित अधिष्ठापन समारोह की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला शर्मा ने की।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती नीलमा मिश्रा (सचिव, आनन्द निकेतन वृद्धाश्रम नोएडा) ने दीप प्रज्जवलन करके किया। स्वागत गीत सत्यम् शिवम् सुन्दरम् पर अदिति वाजपेयी ने नृत्य करके सभी उपस्थित दर्शकों व श्रोताओं की तालियां अर्जित की।

मुख्य अतिथि नीलमा मिश्रा ने कहा कि संस्था ने जिस प्रकार के समाज सेवा के कार्य किए हैं वे अत्यन्त ही प्रशंसनीय है। नगर के कई सरकारी स्कूलों को पानी की टंकी, पंखे प्रदान करना तथा गरीब बच्चों को यूनीफार्म उपलब्ध कराना आदि कार्यो को करते हुए संस्था अपने उद्देश्यों को पूरा कर रही है। श्रीमती मिश्रा ने आश्वासन देते हुए कहा कि उनका सहयोग पूर्ण रहेगा।

संचालन करते हुए संस्था की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती आराधना बाजपेयी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला शर्मा, सचिव अर्चना कंसल, कोषाध्यक्ष सीमा गोयल तथा अन्य पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष शालू गोयल व पूर्व सचिव दीवाली कंसल को गत वर्ष के सेवा कार्यो के लिए बधाई प्रेषित की।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष उर्मिला शर्मा तथा सचिव अर्चना कंसल ने कहा कि संस्था ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वे उस जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए संस्था के उद्देश्यों को पूरा करेंगी।

इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्यो के साथ समाज सेवा के कार्यो को करने वाली महिलाओं में डॉ. रश्मि शर्मा, पूजा महेश, डॉ. प्रेमलता तिवारी, चित्रा शर्मा, अरूणा शर्मा, ममता शर्मा, बेबी जिन्दल, दीपाली कंसल, रूचि गोयल, डॉ. पूनम लाल, मंजू त्यागी, अलका निम, उर्मिला सिन्हा, श्वेता जैन, नीलमा मिश्रा, पूनम ग्रोवर का सम्मानित किया गया। अर्चना कंसल तथा उर्मिला शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में शालू गोयल, आराधना बाजपेयी, उर्मिला शर्मा, अर्चना कंसल, कुसुम गोयल, छाया अग्रवाल, पूनम कर्णवाल, बेवी जिंदल, डौली सिंघल, नीना अग्रवाल, रेखा सिंह, सीमा जिन्दल, संतोष शर्मा, सीमा गोयल, सुषमा सिंह, शिखा गर्ग, वन्दना अग्रवाल, वीना वर्मा को योगदान सराहनीय रहा।

कवियित्री श्रीमती आराधना वाजपेयी, पूजा महेश, डॉ. पूनम ग्रोवर, ममता शर्मा ने कविता, गीत व गजल से श्रोताओं की तालियां अर्जित की। रेखा सिंह ने गीत गाकर तथा सीमा जिन्दल ने नृत्य के द्वारा तालियां अर्जित की।समारोह को ममता शर्मा, डॉ. पूनमलाल, डॉ. पूनम ग्रोवर, अलका निम, उर्मिला सिन्हा, चित्रा शर्मा, दीपाली कंसल ने भी संबोधित किया।

*साभार दैनिक जागरण, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, पंजाब केसरी*

## पायनियर्स क्लब ने गरीबों को दिए कपड़े



*इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब कला एवं साहित्य द्वारा अर्पण कार्यक्रम के तहत एकत्र किए गए वस्त्र*

**साभार दैनिक जागरण, हापुड़।** जो लोग सक्षम हैं, वे अपने लिए अनुपयोगी हो चुके कपड़ों और अन्य वस्तुओं को भी गरीबों व असहाय लोगों तक पहुंचा दें तो उनका जीवन काफी सुगम किया जा सकता है।

ऐसे में दैनिक जागरण ने अर्पण कार्यक्रम के तहत ऐसे लोगों को रास्ता दिखाया है। इसके चलते इस ठिठुरन भरी सर्दी में असहाय लोगों को कुछ राहत जरूर मिल रही है। यह कहना है इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब कला एवं साहित्य के अध्यक्ष महावीर वर्मा मधुर का। उनकी संस्था ने दैनिक जागरण के अर्पण आंदोलन के तहत असहाय लोगों को सहयोग करने के लिए सैकड़ों जोड़ी गर्म कपड़े उपलब्ध कराए। इन्हें गरीब परिवारों को वितरित किया जाना है। सिंभावली चीनी मिल ने भी गरीबों को ठंड से दूर रखने के लिए अच्छी किस्म के कंबल दिए हैं। क्लब के संयोजक अनिल वाजपेयी ने कहा कि सभी सक्षम लोगों का फर्ज बनता है कि वे गरीबों की किसी न किसी तरह सहायता करें। सचिव बिशन सक्सेना ने कहा कि वह अर्पण आंदोलन में हर वर्ष संस्था को योगदान देंगे। अविनाश बब्बर, अजय कुमार बंसल, नरेन्द्र गर्ग, डॉ. राजेश्वर सिंह, सुनील शर्मा, नीरज गर्ग, सुनील अग्रवाल, सरदार भूपेन्द्र सिंह, सुनील कुमार व प्रवीन सेठी ने अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। क्लब द्वारा सैंकड़ों जोड़ी कपड़े गरीबों को दिए गए। इनमें सभी कपड़े अच्छी तरह प्रेस हुए थे। वहीं, सिंभावली चीनी मिल ने भी अर्पण कार्यक्रम के तहत दैनिक जागरण के माध्यम से गरीबों को अच्छी स्तर के गर्म कंबल वितरित किए।

## भारतीय गणतंत्र की 61वीं साल गिरह

भारतीय गणतंत्र की 61वीं साल गिरह पर सभी पायनियर्स को बधाईयाँ प्रेषित करते हुए हर्ष हो रहा है। साथ ही साथ संस्था के धीमी गति से चलने पर दुःख भी हो रहा है। सभी शाखाओं को लगातार स्मृति पत्र भेजते रहने के बावजूद न तो बकाया शुल्क प्राप्त हुए न ही सदस्यों की सूची।

धन्यवाद है पायनियर ललित गर्ग शाहजहाँपुर को जिन्होंने समयपूर्व नवीनीकरण करा दिया था पत्र मिलते ही सदस्यों की सूची भी प्रधान कार्यालय को भेज दी है। बाकी शाखाओं से भी यही अपेक्षा है कि चेतना का यह अंक पढ़कर उनके अध्यक्ष/सचिव त्वरित कार्यवाही करेंगे।

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब के इस वर्ष नये सदस्य बनने एवं बनाने पर कार्बेट पार्क के नजदीक होटल में 1 नाईटस्टे की स्कीम के अन्तर्गत रामनगर शाखा ने 10 नये सदस्य बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। अन्य शाखायें भी इस योजना का लाभ उठाये अधिक जानकारी के लिए मुझसे सम्पर्क करें।

## शाखाओं के चुनाव सम्पन्न



शाखाओं में चुनाव सम्पन्न हुए एवं नयी टीम को चार्ज लिए लगभग 3 माह हो चुके हैं लेकिन उनकी गतिविधियों की कोई सूचना प्रधान कार्यालय पायनियर चेतना को प्राप्त नहीं हो रही है कृपया शाखा अध्यक्ष एवं सचिव ध्यान दें और शाखाओं की गतिविधि एवं प्रगति की रिपोर्ट प्रधान कार्यालय एवं पायनियर चेतना को शीघ्र भेजें साथ ही गतिविधियाँ बढ़ायें जिससे कि पायनियर्स मूल उद्देश्य समाज सेवा से समाज को अधिकाधिक फायदा हो व संस्था का प्रचार-प्रसार हो।

अन्त में सभी पायनिर बन्धुओं से संस्था के हित में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा करते हुए आपका –

*पाय. राकेश अग्रवाल*
*राष्ट्रीय महासचिव*

# इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब ईस्ट दिल्ली के सहयोग से मनाया गया



सुनी सर्राफ-उपप्रधान, नरेश चन्द अग्रवाल-महासचिव, सुरेन्द्र गुप्ता-अध्यक्ष, संजय गुप्ता दिव्य जयसवाल-निगम पार्षद, डॉ. नरेन्द्र नाथ-विधायक, राकेश मित्तल-कोषाध्यक्ष सतीश गुप्ता-संगठन सचिव, राजेन्द्र प्रकाश गोयल, राकेश अग्रवाल (अध्यक्षता)



दिनेश सिंघल, सह सचिव, डॉ. नरेन्द्र नाथ, विधायक, नरेश अग्रवाल, महासचिव सुरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष, राकेश मित्तल, कोषाध्यक्ष, सुशील गर्ग, संगठन मंत्री

महाराजा अग्रसेन क्लब शाहदरा द्वारा रजत जयन्ती समारोह बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह के दौरान विशाल शोभा यात्रा व विराट भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस विशाल शोभा यात्रा का पूरे क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ विवेक विहार अग्रवाल सभा के संरक्षक श्री चन्द्र प्रकाश अग्रवाल (अध्यक्ष, विवेक विहार अग्रवाल सभा) द्वारा किया गया



शोभायात्रा में क्षेत्रीय निगम पार्षद जितेन्द्र सिंह शंटी, निर्मल जैन, पूर्व निगम पार्षद-रवि बंसल, अवधेश चोबे, बिशन कुमार गुप्ता, महासचिव नरेश चन्द्र अग्रवाल उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता सर्राफ, सह कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग

एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राकेश अग्रवाल (चेयरमैन आईडियल इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एवं स्कूल ऑफ लॉ) एवं स्वागताध्यक्षता श्री अनिल गोयल (सीए) द्वारा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गणमाननीय व्यक्तियों डॉ. नरेन्द्र नाथ (क्षेत्रीय विधायक), श्री जय भगवान गोयल (राष्ट्रीय प्रमुख, राष्ट्रवादी सेना), श्री निर्मल जैन (निगम पार्षद एवं जिला अध्यक्ष भा.ज.पा, शाहदरा), श्री जितेन्द्र सिंह शंटी (निगम पार्षद), श्री महेन्द्र जैन (निगम पार्षद), श्री दिव्य जयसवाल (निगम पार्षद एवं पूर्व उप महापौर), श्री राम निवास गोयल (पूर्व विधायक), श्री रवि बंसल (पूर्व निगम पार्षद), श्री नरेश कुमार गुप्ता (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अग्रोहा विकास ट्रस्ट), श्री संजय गोयल (प्रमुख समाज सेवी, अशोका निकेतन) ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर लोगों ने दिल्ली के मशहूर कलाकार अमन गुप्ता व रमन गुप्ता के भजनों का भरपूर लुप्त उठाया। इस अवसर पर निम्न व्यक्तियों श्री तारा चन्द गुप्ता (उपाध्यक्ष पूर्वी दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट), श्री रंजीत सिंह गुप्ता (अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा), श्री देवेन्द्र सिंघल (महामंत्री, पूर्वी दिल्ली अग्रोहा विकास



कार्यक्रम के दौरान भक्तिभाव में नृत्य करते कलाकार

ट्रस्ट), श्री नरेश अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष भाजपा शाहदरा मण्डल), श्री रमेश गुप्ता (समर्पण निष्काम मानव सेवा समिति) श्री राम अवतार यादव (थाना अध्यक्ष फर्श बाजार शाहदरा), श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल सर्राफ, श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल, डॉ. हर किशोर गुप्ता को भी महाराजा अग्रसेन क्लब शाहदरा के पदाधिकारियों श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता (लोनी वाले) अध्यक्ष, श्री राकेश मित्तल कोषाध्यक्ष, श्री नरेश चंद अग्रवाल (लोहे वाले) महामंत्री, श्री सुनील गुप्ता (सर्राफ) उपाध्यक्ष, श्री विमल मित्तल उपाध्यक्ष, श्री दिनेश सिंघल सह सचिव, श्री सुशील गर्ग सहकोषाध्यक्ष, श्री रोहित मित्तल प्रचार सचिव, श्री नितिन गुप्ता, उपप्रचार सचिव, श्री सतीश गुप्ता (सर्राफ) संगठन सचिव, श्री सुशील सिंघल संगठन सचिव इत्यादि द्वारा किया गया।

## कड़कड़ाती ठंड से बचाने को स्कूली बच्चों को बांटे स्वेटर

रामनगर पायनियर्स क्लब के सदस्यों ने स्कूली बच्चों को कड़कड़ाती ठंड से बचाने के लिए स्वेटर बांटे।

पायनियर संजीव शर्मा अध्यक्ष एवं एमएस नेगी सचिव के कुशल नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों में गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये।

बेलगढ़ चुंगी पर खुले आकाश के नीचे फर्श विहीन एवं मेज कुर्सी विहिन, छत विहिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अधिकांश बच्चे नंगे पैर तथा बहुत कम कपड़ों में स्कूल पड़ने आये थे। कड़कड़ाती ठंड से ठुठरते बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। जिसका स्थानीय अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार ने स्वागत किया।

दूसरे दिन ग्राम टेड़ा के प्राइमरी स्कूल में 24 गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। यह प्रक्रिया अभी भी जारी है शीघ्र अन्य स्कूलों में भी स्वेटर वितरित किये जायेंगे।

महासचिव पाय. राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में बम्बाघेर के गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये।

## रामनगर, पायनियर्स नेत्र शिविर का आयोजन करेगा

संजीव शर्मा की अध्यक्षता में रामनगर पायनियर्स की कार्यकारिणी की बैठक आर्टीटेक एमएस नेगी सचिव के कार्यालय में सम्पन्न हुए बैठक में शीघ्र नेत्र शिविर तथा विकलांग शिविर के आयोजन हेतु निर्णय लिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क कर व्यवस्था की जायेगी।

## नववर्ष धमाका योजना का लाभ उठायें

राजकीय कॉर्बेट पार्क के निकट सनवर्ड गेस्ट हाउस, ढ़िकुली, रामनगर (नैनीताल) में एक दिन एक रात तक नि:शुल्क आवासीय व्यवस्था प्राप्त करें। प्रकृति का आनन्द उठायें। गर्जिया माता के दर्शन करें।

कार्बेट नेशनल पार्क में दिन का भ्रमण करें। ऐसा अवसर मिलना मुश्किल है। तुरन्त लाभ उठाये। राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुसार यह योजना 31 मार्च तक खुली रहेगी।


इस योजना का लाभ उठाने के लिए एक नया आजीवन सदस्य बनाने पर एक नये सदस्य को तथा बनाने वाले सदस्य को (परिचयकर्ता) को पति व पत्नी के लिए एक दिन की आवासीय व्यवस्था मुफ्त मिलेगी। इस प्रकार यदि सात सदस्यों की नयी शाखा खुलती है तो उन्हें सहपरिवार कार्बेट नेशनल पार्क के इलाके में घुमने का मौका मिल सकता है।

*सम्पर्क करें :*

*एलसी अरोरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, 9319747969*

*राकेश अग्रवाल, महासचिव, 9927051408*

## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं



संकल्प करें

राष्ट्रीय ध्वज तिरगें के सम्मान का

संविधान के आदर का

भारत की अखण्डता का

अनेकता में एकता का

विश्वबन्धुत्व वसुधैवकुटुम्बकम् का

पीड़ित मानवता की सेवा का

परोपकार का

पायनियरवाद के विस्तार का

**www.internationalpioneers.com**




पाय. एल.सी.अरोड़ा
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मो . 9319747969



पाय. राकेश अग्रवाल
महासचिव
9927051408



पाय. मधुर किशोर
कोषाध्यक्ष
मो . 9897122482



पाय. संतोष मेहरोत्रा
संस्थापक
9897122394

## प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को बांटे स्वेटर

**रामनगर (अमर उजाला से साभार)**। इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के पदाधिकारियों ने प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वेटर बांटे। क्लब के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा की प्रेरणा से क्लब के पदाधिकारियों ने 80 स्वेटर खरीदी थी। क्लब के सदस्यों ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय बेलगढ़, टेड़ा में अध्ययनरत बच्चों को यह स्वेटर बांटे। आर्किटेक्ट एमएस नेगी ने राष्ट्रीयता, देशप्रेम, मानवसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करने का सुझाव दिया। उनके साथ सलिल गुप्ता, अंशु अग्रवाल, वेणु गुप्ता, उषा मिश्रा, प्रेम ठाकुर, मनीष वर्मा, राकेश मित्तल, राकेश अग्रवाल, राकेश मित्तल रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का अनुरोध

प्रिय पायनियर बन्धुओं,



सपरिवार लोहड़ीह की लख-लख बधाई!

मैंने गतमाह अपने व्यक्तिगत रूप से भेजे गये पत्र और पायनियर चेतना में प्रकाशित पत्र के माध्यम से सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों और शाखाओं के अध्यक्ष/सचिवों से अब तक किये गये कार्यो का ब्यौरा मांगा था परन्तु अभी तक किसी भी पदाधिकारी से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

पुनः मैं इस पत्र के माध्यम से जानना चाहता हूँ कि किस-किस पदाधिकारी द्वारा कितनी शाखाओं का भ्रमण किया? कितने नये सदस्य बनाये? और क्या-क्या प्रोजेक्ट्स किये? मित्रों यह समय आत्ममंथन का है। हमें सोचना होगा कि क्या हम अपने पद के साथ न्याय कर रहे हैं? राष्ट्रीय स्तर का पदाधिकारी होने के नाते क्लब के हित में कुछ तो कार्य करने का हमारा दायित्व बनता है। यदि हम इसी प्रकार हाथ पर हाथ धरे समय व्यतीत करते रहे तो एक दिन क्लब का अस्तित्व ही संकट में पड़ जायेगा। क्या यह सब हमारी उदासीनता के कारण नहीं होगा। हम अपनी रिश्तेदारी में, दोस्ती में, पारिवारिक कार्यो में समय दे सकते हैं तो क्लब में थोड़ा समय क्यों नहीं दे सकते?

इसी संदर्भ में संस्थापक महोदय पाय. संतोष मेहरोत्रा द्वारा गत माह की पायनियर चेतना अंक 322 में विशेष लेख 'केवल प्रार्थना करने से ज्यादा महान कार्य है दूसरों की मदद करना' शीर्षक के माध्यम से भी आप सभी का मार्गदर्शन करने का प्रयास किया है। मित्रों क्लब एक पाठशाला की तरह है। यह हमें नित नये अनुभव देता है। इसके माध्यम से हमारा सामाजिक व सांस्कृतिक दायरा बढ़ता है। इसके द्वारा हम एक-दूसरे के साथ सुख-दुःख बाँटते हैं। गरीब, दीन-दुखियों व असहाय लोगों की मदद करके हम धर्म लाभ कमाते हैं। इसके साथ-साथ समाज में आपकी एक अलग पहचान बनाती है। जब जागो, तभी सबेरा है, को चरितार्थ करते हुए, आइये हम सब नववर्ष में पायनियरवाद को आगे बढ़ाते हुए सर्वजन हिताय-सर्वजना सुखाय के लिये कार्य करें। प्रत्येक शाखा प्रतिमाह कम से कम एक पारिवारिक बैठक का आयोजन अवश्य करें और उसकी रिपोर्ट प्रधान कार्यालय को उपलब्ध करायें।

नववर्ष धमाका योजना के अन्तर्गत अभी तक कहीं से कोई प्रविष्टि प्राप्त नहीं हुयी है। मेरे द्वारा तीन नये आजीवन सदस्य बनाये गये हैं। जिनके नाम निम्न प्रकार है -

श्री रामगोपाल सिंह - आयकर अधिकारी, मुरादाबाद

श्री सुधीर शर्मा - पत्रकार, दैनिक जागरण, मुरादाबाद

श्री ईरसतउल्लाह सिद्दीकी - कान्ट्रैक्टर, मुरादाबाद

*पाय. एलसी अरोरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, 9319747969*

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रधान कार्यालय एवं रामनगर शाखा का दौरा

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा द्वारा मुझे एक सप्ताह पूर्व ही 79 वर्ष की प्रथम बेला में ही दिनांक 02 जनवरी (रविवार) को प्रधान कार्यालय एवं रामनगर शाखा का भ्रमण करने के लिए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दे दिये थे। तदानुसार मैंने जोन चैयरमैन पाय. सुभाष अरोरा के साथ-साथ मैं, पाय. एससी अरोरा, जोन चेयरमैन, पायत्र एमसी गुप्ता, अध्यक्ष द्वारा खत्री धर्मशाला रामनगर पहुंचे। वहाँ पर पाय. संतोष मेहरोत्रा-संस्थापक, पाय. राकेश अग्रवाल-रा.महासचिव, पाय. संजीव शर्मा- अध्यक्ष रामनगर शाखा, पाय. मधुर किशेर-रा.कोषाध्यक्ष एवं पाय. एमएस नेगी-सचिव, रामनगर शाखा आदि ने स्वागत किया। तत्पश्चात् खत्री सभा के एक कमरे में सभा की कार्यवाही आरम्भ हुयी। सभा के दौरान पूर्व रा. कोषाध्यक्ष पाय. बीडी पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रधान कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा रा. महासचिव व रा. कोषाध्यक्ष से विचार विमर्श कर अन्य जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान संज्ञान में आया कि कई शाखाओं की न्यूनतम सदस्य संख्या भी पूरी नहीं है। इस सम्बन्ध में रा. अध्यक्ष द्वारा महासचिव व कोषाध्यक्ष को आवश्यक पत्राचार करने एवं फोन द्वारा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करने के निर्देश दिये गये।

रामनगर शाखा के अध्यक्ष पाय. संजीव शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस सत्र में लगभग 8-10 नये सदस्यों को पायनियर परिवार में जोड़ा है। जिसके लिए उन्हें पूरी कार्यकारिणी द्वारा विशेष रूप से बधाई दी गयी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सभी शाखाओं को इसी प्रकार सदस्यता वृद्धि हेतु विशेष अभियान चलाना चाहिए तथा नववर्ष धमाका योजना का लाभ उठाना चाहिए। इस योजना द्वारा यदि कोई सदस्य सनवर्ड रिसोर्ट, ढ़िकुली नहीं जाना चाहता हो तो उसे 500/- तक का गिफ्ट दिया जायेगा।

इसके उपरान्त दोपहर के भोजन का आनन्द लिया गया, जिसका प्रबन्ध रामनगर शाखा द्वारा होटल दिल्ली दरबार में किया गया था। इस सुरूचिपूर्ण भोजन व बैठक के सफल आयोजन हेतु अध्यक्ष, सचिव तथा उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

*पाय. कमल प्रकाश, राष्ट्रीय सचिव, मुरादाबाद*

**प्रिय पायनियर बंधु,**


**नववर्ष 2011 का आगमन हो रहा है। आईये नववर्ष के इस उगते हुए सूर्य का स्वागत हम सम्पूर्ण खुशियों, उल्लास और उत्साह से करें और समस्त प्रकृति का अभिनन्दन करते हुए अपनी सकारात्मक सोच को नई दिशा और नये लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर करें।**

**नवप्रभात का उदय हो रहा, उल्लसित हैं चहुँ दिशाएँ।**
**यही कामना करते हैं हम, पूरी हो सबकी आशाएँ।।**

**आपके समस्त परिवार की सुख-समृद्धि उत्तम स्वास्थ्य और ढेर सारी शुभकामनाओं सहित... नववर्ष की हार्दिक बधाई!**

***महावीर वर्मा 'मधुर'***

# वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करें



वरिष्ठ नागरिकों पर 11 नवम्बर 1992 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंगीकृत उद्घोषणा के अनुरूप बुजुर्गों को कार्य और सृजन से जोड़ने, इनके शारीरिक, मानसिक, भावात्मक कल्याण तथा स्वास्थ्य की देख-रेख एवं इनके शैक्षणिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, खेलकूद और मनोरंजन सम्बन्धी संसाधनों की व्यवस्था करनी है। अब समाज तथा शासन-प्रशासन का कर्तव्य बन जाता है कि वह वरिष्ठ नागरिकों के कानून के जरिये या कैसे भी उनकी गरिमा को बनाये रखते हुए निराश्रित और असहाय वरिष्ठों की सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ नागरिकों की दीन-हीन दशा को देखते हुये 15 जून 2006 को इण्टरनेशनल नेटवर्क फॉर द प्रिवेंशन ऑफ एल्डर एव्यूज की तरफ से बुजुर्ग दिवस मनाने की घोषणा की। जिसका विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पूर्ण समर्थन किया। दूसरी ओर भारत सरकार ने भी वरिष्ठों के हित में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सभा का गठन किया। जिनका कार्य राष्ट्रीय वृद्धजन नीति-99 के अन्तर्गत बुजुर्गो के कल्याण हेतु उचित परामर्श देना है। इस नीति के प्रावधानों के तहत तरह-तरह की सुविधायें, न्याय, सुरक्षा, आर्थिक लाभ, पैंसन, पौष्टिक भोजन, वृद्धाश्रम इत्यादि उलब्ध कराना है। लेकिन इस क्षेत्र में जो भी कार्य हो रहा है, वह नगण्य है।

मानवाधिकार आयोग ने भी 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठों के लिये चिकित्सा, बीमा चिकित्सालयों में पृथक लाइन, पृथक उपचार गृह, पैंसन व्यवस्था तथा स्वास्थ्य एवं राजस्व सुविधा को इण्टरनेट पर देने की सिफारिस 13 जून 2000 को केन्द्रीय सरकार से की। लेकिन कहाँ तक ऐ सिफारिसें कार्य रूप में लाई जा रही है। इससे भी हम अनभिज्ञ हैं।

इसी क्रम में कुछ साल पूर्व सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर श्री जेएस बाबा द्वारा दायर याचिका पर सुप्रिम कोर्ट ने गंभीरता दिखाते हुये कुछ प्रान्तीय सरकारों को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि हमारे देश में वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य तथा सुरक्षा की तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। याचिकाकर्ता का यह भी कहना था कि 1999 में जारी राष्ट्रीय नीति की सिफारिसों को लागू करने के लिये एक निश्चित सीमावली कार्य योजना बनाई जाय।

समय-समय पर खानापूर्ति के लिये वरिष्ठों के हित में सेमिनार, गोष्ठियों तथा इलैक्ट्रॉनिक माध्यमों से बहसें इत्यादि आयोजित होती रहती हैं। परन्तु आज तक कोई खास प्रगति इस दिशा में दिखाई नहीं देती। वर्ष 2007 में वरिष्ठों की दुर्दशा को देखते हुये पुनः केन्द्रीय सरकार द्वारा इनके कल्याण तथा देख-रेख के लिये एक विधेयक पारित किया गया और अभी भी यह नहीं कहा जा सकता कि विधेयक के प्रावधानों को मूर्त रूप देने में हम कितना सफल हुये हैं।

समाज से अलग-अलग पड़ते जा रहे बुजुर्गो के लिये उत्तराखण्ड पुलिस ने भी कुछ करने की सोची। वर्ष 2004 में प्रदेश के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था श्री केआर नेगी ने वरिष्ठ नागरिकों को न्यायोचित सम्मान दिलाने के लिये जिले के पुलिस अधिक्षकों को निर्देशित किया कि जहाँ-जहाँ भी वरिष्ठ नागरिक रहते हो उन जगहों को चिन्हित कर उनके टेलिफोन नम्बर एवं पता लेकर पुलिस स्टेशनो में उनका अलग से रजिस्टर खोला जाय।

श्री नेगी के अनुसार बीट पुलिस अधिकारियों को उनके घर जाकर उनकी कुशल तथा परेशानियों के बारे में पूछना होगा। इसके अलावा बिमारी की हालत में साधन विहीन वृद्धों को अस्पताल तक पुलिस की गाड़ी उपलब्ध करानी होगी। ताकि समय से उनका उपचार हो सके। लेकिन इस व्यवस्था से भी कहीं कोई राहत नजर नहीं आती।

वरिष्ठों के कल्याण हेतु अनेक प्रयासों के बाद भी पेपरों से लिये आंकड़ों के अनुसार आज भी देश के 20 से 25 फीसदी वरिष्ठ नागरिकों में 90 प्रतिशत बुजुर्ग चैन से जीवन यापन नहीं कर पाते हैं।

63 प्रतिशत बुजुर्ग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। 73 फीसदी वरिष्ठ पढ़े लिखे नहीं हैं। 55 प्रतिशत वरिष्ठ महिलायें विधवा हैं। 47.3 प्रतिशत बुजुर्ग भारत में पारिवारिक नफरत के शिकार हैं। 48 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक आर्थिक और भावात्मक रूप से अपमानित होते हैं। संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक व आर्थिक विभाग द्वारा कराये गये सर्वेक्षण में भारत में 60 वर्ष तथा इससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या के साथ 54 से 59 वर्ष के लोगों को जोड़ दिया जाय तो इनकी संख्या 25 प्रतिशत से ज्यादा पहुंचती है तथा वर्ष 2020 तक बुर्जुगों की जनसंख्या 24 करोड़ तक होने की संभावना हैं। यह सब देखते हुये अब अत्यन्त आवश्यक हो गया है कि वरिष्ठ नागरिकों के गरिमामय जीवन यापन के लिये जिन्दगी की अन्तिम सीढ़ी को मजबूत किया जाय। इसके लिये प्रत्येक नागरिक की भागीदारी कानूनन अनिवार्य की जानी चाहिए।

*केसी पन्त (व.भा.) प्रान्तीय अध्यक्ष*
*अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन उत्तराखण्ड*

# आज का इन्सान

प्यार करने पर आघात करता है
क्षमा करने पर दुर्बल समझता है
उपदेश करने पर मुड़ कर बैठता है
विश्वास करने पर हानि पहुँचाता है
आदर करने पर खुशामद समझता है
आश्रय देने पर सिर पर चढ़ जाता है
उपकार करने पर अस्वीकार करता है
सहायता करने वाले को मूर्ख समझता है
अपने कार्यो के लिए दूसरों को नुकसान पहुंचाता है
जेब में पैंसे होने पर उधार करता है
स्वयं तो माँ-बाप की सेवा करता नहीं
अपनी औलाद से इस बात की उम्मीद करता है।

*श्रीमती कमलेश अरोरा*
*118, आजाद नगर, मुरादाबाद*

# संयुक्त चिकित्सालय, रामनगर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रारम्भ

प्रेषक,

मुख्य चिकित्साधिकारी

नैनीताल।

सेवा में,

श्री संतोष कुमार मेहरोत्रा

संस्थापक नागरिक कल्याण समिति

रानीखेत रोड, रामनगर-244715 (नैनीताल)

पत्रांक - संयुक्त चिकित्सालय, रामनगर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र दिनांक शून्य जो आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल को सम्बोधित तथा मुझे पृष्ठांकित है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में मुझे अवगत कराना है कि :-

1. गर्मी एवं वर्षा ऋतु में मैदानी क्षेत्रों में नेत्र शिविर आयोजित करने पर नेत्र शल्यकों द्वारा असहमति जतायी जाती है।
2. जनपद में एक नेत्र शल्यक तीन माह के प्रशिक्षण हेतु दिल्ली गये हुए थे तथा एक नेत्र शल्यक जिनकी बाईपास सर्जरी की गयी है वे चिकित्सा अवकाश पर थे तथा शेष दो नेत्र शल्यक जनपद में अन्य स्थानों पर तथा कुमाऊँ मण्डल के अन्य जनपदों में भी नेत्र शिविर आयोजित करते रहे हैं।
3. माह जनवरी, 2011 में 20 जनवरी 2011 को प्रा.स्वा.के. बैलपड़ाव एवं पीरूमदारा में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किये गये हैं तथा दिनांक 21 एवं 22 जनवरी, 2011 को संयुक्त चिकित्सालय, रामनगर में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया है।
4. क्षेत्र में शिविर सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी के अनुरोध एवं उपलब्ध मोतियाबिन्द रोगी के अनुसार आयोजित किये जाते है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त शिविर में इन्टर नेशनल पायनियर्स क्लब, रामनगर का सहयोग पूर्व की भाँति प्राप्त होगा तथा भविष्य में आयोजित किये जाने वाले नेत्र शिविरों में भी प्राप्त होता रहेगा।

*भवदीय*

*मुख्य चिकित्साधिकारी, नैनीताल*

पत्रांक-अ.नि./शिविर/विविध/2010-11

प्रतिलिपि -

1. अधीक्षक, संयुक्त चिकित्सालय रामनगर को इस आशय के साथ कि आयोजित नेत्र शिविरों में शल्यक दल को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्रा.स्वा.के. बैलपड़ाव को इस आशय के साथ कि क्षेत्र में व्यापक सर्वेक्षण कराकर मोतियाबिन्द रोगी उपलब्ध होने पर शिविर की मांग करने का कष्ट करें।
3. वरिष्ठ नेत्र शल्यक, बीडी पाण्डे पु. चिकित्सालय, नैनीताल/बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी को इस अनुरोध के साथ कि जनपद में नेत्र शिविर आयोजित करने हेतु अपनी सहमति एवं दिनांक से इस कार्यालय को यथासमय सूचित करने का कष्ट करें, जिससे शिविर आयोजित किये जा सके।

*मुख्य चिकित्साधिकारी*

*नैनीताल।*

पत्रांक-अ.नि./शिविर/विविध/2010/11

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :-

1. जिला अधिकारी, नैनीताल।

2. आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल

*मुख्य चिकित्सालय*

*नैनीताल।*

दिनांक : 18 जनवरी 2011

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL01/08/2009 से 2011

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

निःस्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड
सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब (कला एवं साहित्य) हापुड़ दिसम्बर मास की प्रगति रिपोर्ट

### क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया



हापुड़। इंटरनेशनल पायनियर्स साहित्य और ललित कला मंच की शाखा के तत्वावधान में क्रिसमस पर्व सोल्लास मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. गोविन्द सिंह और उसकी पत्नी डॉ. विमलेश शर्मा को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष महावीर वर्मा ने सदस्यों को क्रिसमस पर बधाई दी। डॉ. विमलेश ने कहा पायनियर्स क्लब समाज सेवा में लगातार जुटा है। महिला सशक्तीकरण की राष्ट्रीय निदेशक आराधना वाजपेयी ने पढ़ा कि जो न दे खुशबू ओरों को वो चंदन तो नहीं होता, तपे बिन आग में सोना, कभी कुंदन नहीं होता। सचिव बिशन सक्सेना ने पढ़ा कि केवल इक दिन से यहां नही बनेगी बात, रोज लाए थे जिन्दगी, खुशियों की सौगात। कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं हुई जिनमें आदिति वाजपेयी, प्राची अग्रवाल, सत्यम वर्मा, मनीषा गर्ग और सुनील प्रथम स्थान पर रहे। विशिष्ठ अतिथि हरिराज गोस्वामी, अतुल शर्मा थे। अविनाश बब्बर, भूपिन्द्र सिंह, सुनील शर्मा, महावीर, बिशन रहे।

## नववर्ष एवं 26 जनवरी पर सबको हार्दिक शुभकामनाएं

ईश्वर सभी को सुख शांति, समृद्धि, सहनशीलता एवं ऐश्वर्य प्रदान करें। हर व्यक्ति में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना जागृत हो ताकि समाज का कोई इंसान दुःखी न रहे। सद्‌भावना का प्रवाह हो।

*पाय. केशव प्रसाद शिवहरे*
*पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष*
*इण्टरनेशनल पायनियर्स कर्वी, चित्रकूट*

## महावीर के तीर

मंहगाई मार गई (दो कुण्डलियाँ)

महंगाई ने कर दिया, जीना बड़ा मुहाल।
थाली में कम हो रही, सब्जी रोटी दाल।।
सब्जी रोटी दाल, सफर करना भी भारी।
त्राहि-त्राहि मचा रहे, अब सब नर नारी।।
कह 'मधुर' कविराय, करे तो करे क्या भाई।
सुरसा की तरह फाड़ रही मुख ये मंहगाई।।

बोतल पीना पाप है, ऐसा कहे सन्त।
मंहगाई की मार से, खट्टे हो गये दन्त।।
खट्टे हा गये दन्त, दूध है तीस रुपईया।
माखन कहाँ से खायें हमारे कृष्ण कन्हैया।।
कह 'मधुर' कविराय, कलेजा कर लो शीतल।
पीओ बीस रुपये में एक किलो पानी की बोतल।।

***महावीर वर्मा 'मधुर'***

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-संतोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इण्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिंटर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुदित।